दिनांक : 06.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजाति संस्कृतिक समागम का आयोजन, देशभर से पन्द्रह हजार से अधिक आदिवासी हो रहे हैं शामिल।
- प्रदेश मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कल प्रदेश के 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान की।
- एशिया महाद्वीप से विलुप्त हो चुके चीते आज प्रदेश की पावन धरा पर रफ्तार भर रहे, कहा-मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
- भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का पहला मैच आज नागपुर में दोपहर डेढ बजे से शुरू होगा।

महाकुंभ-युवा कुंभ
प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजाति संस्कृतिक समागम-2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश भर से 15 हजार से अधिक आदिवासी भाग लेंगे। छह दिवसीय उत्सव के दौरान सभी प्रतिभागी जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण का संकल्प लेंगे।
बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है।

जेल समीक्षा
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में जेल और सुधारात्मक सेवाएं विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान डॉक्टर यादव ने कहा कि जेलों में बंद गरीब कैदियों को जमानत एवं जुर्माना अदा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर बंदियों को 25 हजार रुपए तक की जुर्माना राशि मंजूर की जाती है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने अबतक 31 बंदियों को जुर्माना एवं जमानत के रूप में 6 लाख 43 लाख 517 रुपए की राशि मंजूर की है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को राज्य की जेलों में बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने और उनके बौद्धिक एवं चारित्रिक सुधार की गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रति वर्ष 15 नवम्बर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर बंदियों को समय पूर्व रिहाई किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति भी दे दी।

चीता-मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 5 चीतों को खुले जंगल में विचरण करने के लिए छोड़ा। इनमें दो वयस्क मादा चीते आशा और धीरा के साथ ही आशा के तीन शावक शामिल हैं। खास बात यह है कि तीनों शावक कूनो में ही जन्मे हैं। चीता छोड़ने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एशिया महाद्वीप से विलुप्त हो चुके चीते आज मध्य प्रदेश की पावन धरा पर रफ्तार भर रहे हैं और अपना कुनबा भी बढ़ा रहे हैं। -
चीतों को कूनो के खुले जंगल में छोड़कर हर्ष की अनुभूति हो रही है। इन चीतों से जंगल आबाद होगा और पर्यटन सेक्टर में पालपुर-कूनो की एक नई पहचान बनेगी।
कूनो नेशनल पार्क से अभी तक 7 चीतों को जंगल में स्वछंद विचरण के लिये छोड़ा गया है। कूनो में वीरा के नये 2 शावकों को मिलाकर कुल 26 चीते हो गये हैं। इन चीतों की मॉनीटरिंग के लिये 2 दल गठित किये गये।

मुख्यमंत्री ई-स्कूटी
प्रदेश के 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल राजधानी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से ई-स्कूटी की चाबी सौंपी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा है कि जीवन में सफलता के लिए योग्यता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का अनुसरण आवश्यक है। मेरिट में आए विद्यार्थी यदि अपनी योग्यता का उपयोग केवल स्वयं के लिए करेंगे तो उनकी प्रतिभा का लाभ समाज को नहीं मिल पाएगा। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ स्कूटी चलाकर किया उनका उत्साहवर्धन भी किया।

मतदान प्रतिशत

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए कल शाम मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस दौरान लगभग 60 दशमलव चार दो प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक 66 दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदान उत्तर पूर्वी दिल्ली और सबसे कम 56 दशमलव एक छह प्रतिशत मतदान दक्षिण पूर्वी दिल्ली में हुआ। जिन प्रमुख नेताओं की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई, उनमें आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, आतिशी, मनीष सिसोदिया और भारतीय जनता पार्टी के प्रवेश वर्मा, विजेंद्र गुप्ता, अरविंदर सिंह लवली और रमेश बिधूड़ी शामिल हैं। कांग्रेस की ओर से देवेंद्र यादव, संदीप दीक्षित और अलका लांबा इस चुनाव के प्रमुख उम्मीदवार थे। चुनाव मैदान कुल छह सौ 99 उम्मीदवार थे। मतगणना आठ फरवरी को होगी।

राष्ट्रीय खेल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तराखण्ड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल, 2025 के रोइंग प्रतियोगिता के लाइट वेट डबल स्कल्स इवेंट में प्रदेश की महिला खिलाड़ी रुक्मणि और पूनम के स्वर्ण पदक तथा रोइंग खेल के महिला-क्वाड्रापल इवेंट में संतोष यादव, खुशप्रीत, पूनम और रुक्मणि को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रुक्मणि और पूनम की इस उपलब्धि से पूरा प्रदेश गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रोइंग प्रतियोगिता में पुरूषों के डबल स्कल लाइटवेट इवेंट में सुशील और नितिन देओल के कांस्य पदक जीतने पर इन्हें भी बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

क्रिकेट - भारत बनाम इंग्लैंड

पुरुष क्रिकेट में, भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का पहला मैच आज नागपुर में खेला जाएगा। यह मैच दोपहर डेढ बजे शुरू होगा। इस महीने के अंत में चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से पहले दोनों टीमें एकदिवसीय मैचों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगी। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 4-1 से शानदार जीत हासिल की है।

टेनिस - मुंबई ओपन

मुंबई ओपन टेनिस के महिला डबल्स क्वार्टर फाइनल में आज भारत की प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैंड्स की एरियन हार्टोनो की जोड़ी का सामना जापान की नाओ हिबिनो और जॉर्जिया की ओक्साना कलाश्निकोवा की जोड़ी के साथ होगा। महिला सिंगल्स के 16वें दौर में, आज कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगी। अंकिता रैना का सामना कनाडा की रेबेका मैरिनो से और श्रीवल्ली रश्मिका भामिदिपति का सामना सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रुनिक से होगा। माया राजेश्वरन रेवती कजाकिस्तान की जरीना दियास के साथ खेलेंगी।

समाचार संक्षेप में .....

- रतलाम में आईटीआई परिसर में कल युवा संगम रोजगार मेला आयोजित कया गया। इसमें 150 से अधिक आवेदक शामिल हुए। इनमें से 57 युवाओं का इंटरव्यू के आधार पर चयन हुआ।
- मुरैना में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- सतना में कल जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जाएगा।
- पन्ना जिले में फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर उपज विक्रय हेतु मैहर जिले के किसानों के पंजीयन के लिये तहसीलवार 19 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है।
- बालाघाट मे जिला महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आवाज संस्था द्वारा बस स्टैंड पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आगाज नुक्कड़ नाटक के जरिए किया गया।
- रायसेन स्थित महात्मा गांधी वृद्धाश्रम का कल कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निवासरत वृद्धजनों से व्यवस्थाओं तथा सुविधाओं की जानकारी भी ली।
- शिवपुरी जिला चिकित्सालय में अब मरीज के अटेंडर का पास लगेगा जिसमें एक व्यक्ति को निशुल्क पास और आवश्यकता होने पर अन्य पास के लिए शुल्क लगेगा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजाति संस्कृतिक समागम का आयोजन, देशभर से पन्द्रह हजार से अधिक आदिवासी हो रहे हैं शामिल।
- प्रदेश मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कल प्रदेश के 7 हजार 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान की।
- एशिया महाद्वीप से विलुप्त हो चुके चीते आज प्रदेश की पावन धरा पर रफ्तार भर रहे, कहा-मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
- भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला का पहला मैच आज नागपुर में दोपहर डेढ बजे से शुरू होगा।

....................